प्रीलिम्स फैक्ट्स : 24 नवंबर, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-24-11-2018

क्वाड्रीसाइकिल

परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर वाहन कानून 1988 के अंतर्गत 'क्वाड्रीसाइकिल' को एक 'गैर-परिवहन' वाहन के रूप में शामिल करने की अधिसूचना जारी की है।

- क्वाड्रीसाइकिल एक ऐसा वाहन है, जिसका आकार थ्री-व्हीलर जैसा होता है, लेकिन इसमें चार टायर हैं और कार की तरह पूरी तरह ढका हुआ है।
- इसमें थ्री-व्हीलर जैसा इंजन लगा हुआ है।
- अंतिम मील तक संपर्क कायम करने के लिये यह परिवहन का सस्ता और सुरक्षित ज़रिया है।
- कानून के अंतर्गत क्वाड्रीसाकिल की केवल परिवहन के लिये इस्तेमाल की इज़ाज़त दी गई थी, लेकिन अब इसे गैर-परिवहन के लिये इस्तेमाल करने योग्य बना दिया गया है।

कालीन नगरी भदोही को मिला 'निर्यात विशिष्टता' (export excellence) का दर्जा

- पूरी दुनिया में हाथ से बने कालीनों के लिये मशहूर उत्तर प्रदेश के भदोही ज़िले को 'एक्सपोर्ट एक्सीलेंस' का टैग प्रदान किया गया है।
- भदोही को 'टाउंस ऑफ़ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस' मिलने के बाद शहर के कालीन निर्माताओं को आधुनिक मशीनों को खरीदने, बुनियादी ढाँचे में सुधार करने और वैश्विक खरीदारों को आकर्षित करने हेतु दुनिया के विभिन्न हिस्सों में मेले और प्रदर्शनियों का आयोजन करने के लिये केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता मिलेगी।
- भदोही को यह दर्जा वाणिज्य मंत्रालय के अधीन कार्यरत विदेश व्यापार निदेशालय (Directorate General of Foreign Trade - DGFT) ने प्रदान किया है।
- गंगा के किनारे पर स्थित यह छोटा सा शहर DGFT द्वारा यह दर्जा प्राप्त करने वाला 37वाँ शहर है।
- यह दर्ज़ा प्राप्त करने वाले अन्य शहरों में तिरुपुर, लुधियाना, कनूर, करूर, देवास, इंदौर, भीलवाड़ा, सूरत, कानपुर, अम्बुर, जयपुर और श्रीनगर शामिल हैं।

विदेश व्यापार निदेशालय (DGFT) के बारे में

- विदेश व्यापार निदेशालय (डीजीएफटी) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है जिसका नेतृत्व विदेश व्यापार महानिदेशक करता है।

- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।
- यह भारत के निर्यात को बढ़ावा देने के मुख्य उद्देश्य के साथ विदेश व्यापार नीति तैयार करने और कार्यान्वित करने के लिए ज़िम्मेदार है।

बकरियों में प्लेग की रोकथाम के लिये टीका

- यूके और भारत के शोधकर्त्ताओं ने संयुक्त रूप से एक 'स्मार्ट' टीका विकसित किया है जिसमें बकरियों में होने वाले प्लेग को खत्म करने की क्षमता है।
- इस स्मार्ट टीके को ढाँचा प्रदान करने में ब्रिटिश वैज्ञानिकों का अहम योगदान है, इसे डिवा टीका (DIVA vaccine) भी कहा जाता है।
- बकरी में प्लेग या पेस्ट डेस पेटिट्स रोमिनेंट्स (PPR)एक बेहद संक्रामक वायरल बीमारी है जिससे देश के कई हिस्सों में बकरियाँ और भेड़ प्रभावित होती हैं।
- भारत के अलावा, बकरी से संबंधित प्लेग कई अफ्रीकी देशों, पश्चिम एशिया, चीन और मंगोलिया में प्रचलित है।